दिनाँक 31 अक्तूबर 2015 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में जिला फरीदाबाद प्रशासन के सौजन्य से एवं अग्रवाल महाविद्यालय के सहयोग से लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस को "राष्ट्रीय एकता दिवस" एव़ श्रीमती इन्दिरा गाँधी की पुण्यतिथि को "संकल्प दिवस" के रुप में मनाया गया. इस सुअवसर पर बल्लबगढ़ विधान सभा क्षेत्र के विधायक श्री मूलचन्द शर्मा जी मुख्य अतिथि के रूप मे एवं सिटी मजिस्ट्रेट श्री गौरव अन्तिल एवं पी.आर.ओ. श्री तिलक विधूड़ी जी सह अतिथि के रूप में उपस्थित थे. अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्‌बोधन में कहा कि– ये दोनो विभूतियाँ हमारी प्रेरणा स्रोत हैं.

मुख्य अतिथि महोदय ने अपने भावोद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल ने देश को एक किया और श्रीमती इन्दिरा गाँधी एक महान और विदुषी महिला थी हम इन दोनों के त्याग को भूल नही सकते.

मंच संचालिका हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द ने इस सुअवसर पर दोनो महापुरूषों का परिचय देते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा पर प्रकाश डाला.

वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ० रेनू माहेश्वरी ने कहा कि श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाने के साथ साथ देश को हरित क्रान्ति का संदेश देकर आत्मनिर्भर बनाया. वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ० बाँके बिहारी ने कहा कि जहाँ लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल ने देश को एक किया है, वही देश की सर्वाधिक शक्तिशाली महिला ने अपनी संकल्पना शक्ति से देश को नेक किया है.

महाविद्यालय के पूजा जोशी, कुणाल एवं अन्य विद्यार्थियों ने भी इस सुअवसर पर अपने विचार प्रकट किए. कुणाल ने एक सुन्दर कविता प्रस्तुत की– "भारत को फिर से पटेल चाहिए".

कार्यक्रम के अन्त में श्रीमती किरण आनन्द ने समस्त विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और सिटी मजिस्ट्रेट श्री गौरव अन्तिल ने संकल्प दिवस की शपथ दिलाई.

इस सुअवसर पर अग्रवाल महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.